22-09-2021

नेशनल शुगर इंस्टिट्यूट ने बैठक में चीनी के सात नार्म्स रिलीज किए

▸ यह मानक 2021-22 सत्र के लिए रिलीज किए गए

श्रीटीएनएन

कानपुर। शर्करा मानकों की एक्सपर्ट कमेटी की बैठक प्रोफेसर नरेन्द्र मोहन, निदेशक, राष्ट्रीय शर्करा संस्थान, कानपुर की अध्यक्षता में भारतीय गन्ना अनुसन्धान संस्थान, लखनऊ में सम्पन्न हुई। इस बैठक में भारतीय चीनी मिल संघ, भारतीय मानक ब्यूरो, नेशनल फेडरेशन ऑफ कॉरपरेटिव शुगर फैक्ट्रीज एवं भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान इत्यादि के प्रतिभागियों ने भाग लिया। बैठक में शुगर सीजन 2021-2022 के लिये 7 शर्करा मानकों को स्वीकृति दी गयी।

31 कलर श्रेणी उत्तम गुणवत्ता

एनएसआई डायरेक्टर प्रोफेसर नरेंद्र मोहन अग्रवाल ने बताया जो कि लार्ज, मीडियम, स्माल एवं सुपर स्माल श्रेणी के होंगे और सुपर स्माल को छोड़कर सभी अन्य मानक 30 एवं 31 कलर श्रेणी

उत्तम गुणवत्ता की प्रतीक हैं।

एक अक्टूबर से इन्ही मानकों के बेस पर चीनी की बिक्री

ये मानक दिनांक 1 अक्टूबर 2021 को बिक्री हेतु जारी किये जाएंगे एवं इनको ऑनलाइन माध्यम से भी प्राप्त किया जा सकेगा। बैठक में समिति के सदस्यों ने काफी बडी संख्या चीनी मिल में इन

मानकों को बिना लिये अपनी चीनी के ग्रेड का निर्धारण किये जाने पर चिन्ता व्यक्त की एवं इस विषय पर खाद्य मंत्रालय को आवश्यक कदम लेने हेतु एक प्रस्ताव भेजने का निर्णय लिया।

शिकंजा उपभोक्ता को नहीं किया जा सकेगा भ्रमित, मानकों के लिहाज से तय होंगे चीनी के दाने और रंग

चीनी में घपले रोकने को मानक तय किए

माई सिटी रिपोर्टर

बैठक में चर्चा करते एनएसआई के निदेशक प्रो. नरेंद्र मोहन (सबसे दाएं)। संवाद

कानपुर। चीनी खाने वाले उपभोक्ताओं के साथ कोई घपला न हो, इसके लिए शुगर एक्सपर्ट की कमेटी ने मानक तय कर दिए हैं। इन मानकों के लिहाज से चीनी के दानों का आकार और रंग तय होगा। चीनी मिलों को पैकिंग पर यह बताना होगा कि चीनी का आकार और रंग क्या है? अब लाल और सफेद चीनी तथा छोटे-बड़े दानों को मिलाकर नहीं बेचा जा सकेगा।

नेशनल शुगर इंस्टीट्यूट (एनएसआई) के निदेशक प्रो. नरेंद्र मोहन ने बताया कि शुगर सीजन वर्ष 2021-22 में सात शर्करा मानकों को स्वीकृति दी गई है। इसके तहत चीनी का बड़ा दाना, मध्यम दाना, छोटा और सबसे छोटा दाना होगा। सबसे छोटे दाने यानी सुपर स्माल को छोड़कर बाकी अन्य मानक 30 और 31 कलर श्रेणी के होंगे। 30 कलर श्रेणी का मतलब कम सफेद दाना और 31 कलर श्रेणी का मतलब बहुत सफेद दाना। 31 कलर श्रेणी उत्तम गुणवत्ता का प्रतीक है। मंगलवार को भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान लखनऊ में प्रो. नरेंद्र मोहन की अध्यक्षता में शुगर एक्सपर्ट कमेटी की बैठक हुई। इसमें भारतीय चीनी मिल संघ, भारतीय मानक ब्यूरो, नेशनल फेडरेशन ऑफ कोऑपरेटिव शुगर फैक्टरीज और गन्ना अनुसंधान संस्थान के प्रतिनिधि शामिल हुए। प्रो. नरेंद्र मोहन ने बताया कि एक अक्तूबर से मानक बिक्री के लिए जारी किए जाएंगे। चीनी मिलें इनकी बुकिंग ऑनलाइन कर सकती हैं। उन्होंने बताया कि सुपर स्माल चीनी का अधिक इस्तेमाल फार्मास्युटिकल्स, चॉक लेट और शरबत आदि बनाने वाली कंपनियां करती हैं।

महानगर सार

शुगर सीजन-2021-22 में 7 शर्करा मानकों को मंजूरी

बैठक को सम्बोधित करते एनएसआई के निदेशक प्रो. नरेंद्र मोहन।

कानपुर । शर्करा मानकों की एक्सपर्ट कमेटी की बैठक प्रो. नरेंद्र मोहन की अध्यक्षता में भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ में सम्पन्न हुई। इस बैठक में भारतीय चीनी मिल संघ, भारतीय मानक ब्यूरो, नेशनल फेडरेशन ऑफ कॉरपरेटिव शुगर फैक्ट्रीज एवं भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान इत्यादि के प्रतिभागियों ने भाग लिया। बैठक में शुगर सीजन 2021-22 के लिए 7 शर्करा मानकों को स्वीकृति दी गयी, जोकि लार्ज, मीडियम, स्माल एवं सुपर स्माल श्रेणी के होंगे और सुपर स्माल को छोड़ कर सभी अन्य मानक 30 एवं 31 कलर श्रेणी में उपलब्ध होंगे, जिसमें 31 श्रेणी उत्तम गुणवत्ता की प्रतीक है। एक मानक एक अक्टूबर 2021 को बिक्री के लिए जारी किये जाएगे एवं इनको ऑनलाइन माध्यम से भी प्राप्त किया जा सकेगा। बैठक में समिति के सदस्यों ने काफी बड़ी संख्या में चीनी मिल में इन मानकों को बिना लिये अपनी चीनी के ग्रेड का निर्धारण किये जाने पर चिन्ता व्यक्त की एवं इस विषय पर खाद्य मंत्रालय को आवश्यक कदम लेने के लिए प्रस्ताव भेजने का निर्णय लिया गया।